# अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

दिनांक 24 सितंबर 2021 को अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के रूप में मनाया गया। आज के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ० रणवीर सिंह गुलिया और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी रहे। इस दिवस की शुरुआत सुबह स्वयंसेविकाओं ने रंगोली बनाने से की। इसके बाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्य अतिथि व प्राचार्य सभागार में पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत से हुई। स्वयंसेवको ने इस कार्यक्रम में अलग-अलग माध्यम से सभी को प्रेरित किया कुछ स्वयंसेवको ने कविता के माध्यम से देश प्रेम व देश निर्माण का उल्लेख किया तथा स्वयंसेवको ने भाषण में अपना अनुभव साझा किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी ने रणवीर सिंह गुलिया के बारे में स्वयंसेवकों को बताया और उनकी उपलब्धियों का वर्णन किया। प्राचार्य जी ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ० रणवीर सिंह गुलिया ने अपने प्रभावशाली भाषण में महात्मा गांधी की जीवन शैली को अपने जीवन मे आत्मसात करने पर बल दिया और उन्होंने जीवन के नैतिक अधिकारों व नैतिक मूल्यों की महता को समझाया। उन्होंने बताया कि हम अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करें तो अधिकारों का पालन अपने आप हो जाएगा। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ रणवीर सिंह जी और प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने फलदार पेड़ लगाएं लगाएं। इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अशोक कुमार निराला व डॉ० सीमा मलिक के द्वारा कराया गया। इसके बाद एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण पर एक रैली निकाली जिसको मुख्य अतिथि डॉ रणवीर सिंह जी और और प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय प्रांगण से रवाना किया । रैली में लगभग डेढ़ सौ से अधिक स्वयंसेवको और स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया और अपनी राष्ट्रीय सेवा की भावना से लोगों को अंदर नई उम्मीद जगाई जिससे लोगों के अंदर सहायता और दयाभावना का

विकास हो। कार्यक्रम के अंत में डॉ० रितु  द्वारा हमारे माननीय अतिथि के आगमन के लिए   धन्यवाद किया।